Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding linking of Dalhousie in Himachal Pradesh with Pathankot railway line.

श्री किशन कपूर (कांगड़ा): अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान हिमाचल प्रदेश में रेल लाइन विस्तार की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । मेरे लोक सभा क्षेत्र में चम्बा जिला है जो देशी और विदेशी पर्यटकों में हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और ऐतिहासिकता व नैसर्गिक आभा के कारण विख्यात है । यहां की विशिष्ट वन-सम्पदा, पर्वत-श्रृंखलाओं के रोचक दृश्य बरबस ही पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं । लगभग 6500 वर्ग किलोमीटर में फैले इस जिले के एक तरफ जम्मू-कश्मीर की सीमाएं हैं तो दूसरी ओर पंजाब प्रदेश है । इस जिले की जनसंख्या का 50 प्रतिशत अनुसूचित जाति और जनजाति से संबंधित है । यह जिला तीर्थाटन के साथ-साथ साहसिक पर्यटन के समुचित अवसर प्रदान करता है । यह अत्यंत ही आकांक्षी जिला है जहां विकास की ओर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है । इसी जिले के प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगर डलहौजी को पठानकोट, चक्की बैंक रेल लाइन से जोड़ने के एक प्रस्ताव पर विचारार्थ सदन के माध्यम से अनुरोध कर रहा हूं । डलहौजी का संबंध नेताजी सुभाष चंद्र बोस और क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह के चाचा स्वतंत्रता सेनानी अजीत सिंह से भी रहा है । डलहौजी की दूरी पठानकोट रेलवे स्टेशन से मात्र 85 किलोमीटर है ।

महोदय, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण रेल मार्गों के निर्माण में हिमाचल सदैव ही उपेक्षित रहा है । मैं आदरणीय प्रधान मंत्री श्रद्धेय नरेन्द्र मोदी जी का आभारी हूं जिन्होंने भानुपली (बिलासपुर) जैसी महत्वाकांक्षी रेल मार्ग निर्माण की योजना को स्वीकृति प्रदान कर हिमाचलवासियों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को बुलंदियां प्रदान की हैं । यदि उपरोक्त पर्यटन स्थली डलहौजी को रेल मंत्रालय द्वारा पठानकोट रेल लाइन से जोड़ने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जाए, तो प्रदेश के चंबा जिले में भी विकास के नए युग का सूत्रपात होगा ।